# मेरी विनती सुन लो हे अम्बे | By Tripty Shakya |

**मेरी विनती सुन लो हे अम्बे**
हम दिल से पुकारा करते हैं
मोहे शरण में ले लो जगदम्बे
दिन रात मनाया करते हैं

**शरण में ले लो, विनती सुन लो**
दास बना लो हे अम्बे
तेरे मंदिर में आकर मां
हम अर्जी सुनाया करते हैं
**मेरी विनती सुन लो हे अम्बे**
हम दिल से पुकारा करते हैं

---

**युग बीते तेरे द्वार खड़े हैं**
दरश की आस लगाए हैं
मैया मोरी दर्शन दे दो
हम राह निहारा करते हैं
**मेरी विनती सुन लो हे अम्बे**
हम दिल से पुकारा करते हैं

---

**हम तो दुखियारे हैं मैया**
तेरे दर कोई कमी नहीं
झोली मेरी भर दो अम्बे
मुश्किल से गुजारा करते हैं
**मेरी विनती सुन लो हे अम्बे**
हम दिल से पुकारा करते हैं

---

**ठुकरा दो या अपनालो मां**
मर्ज़ी मात्र तुम्हारी है
अब तारो हे जगतारिणी मां
हम ज्योत जलाया करते हैं
**मेरी विनती सुन लो हे अम्बे**
हम दिल से पुकारा करते हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b5%e0%a4%bf%e0%a4%a8%e0%a4%a4%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8-%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%b9%e0%a5%87-%e0%a4%85%e0%a4%ae%e0%a5%8d%e0%a4%ac%e0%a5%87-by/